दिनांक 16.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/ दुर्ग, भिलाई अरबन पब्लिक ट्रान्सपोर्ट सोसायटी के प्रबंधकारिणी की बैठक में दुर्ग जिले के विभिन्न मार्गों पर सिटी बस चलाये जाने हेतु जनप्रतिनिधियों सभा समितियों एवं नागरिकों से प्राप्त सुझाव के आधार पर 04 नये रुट एवं अन्य विभिन्न रुटों पर बस चलाये जाने की अनुशंसा कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कलेक्टर सभागार कक्ष में आयोजित प्रबंधकारिणी की बैठक में 05 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें दुर्ग से उतई व्हाया धनोरा, खम्हरिया, पुरई, रुट के लिए, रेलवे स्टेशन दुर्ग, पावर हाउस से विश्व विद्यालय परिसर रुट पर आने जाने, दुर्ग रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड से टेक्नालाजी सेंटर बोरई रसमड़ा (नया रुट), दुर्ग से लिटिया चौक व्हाया, चिखली, जेवरा सिरसा, समोरा, रवेलीडीह, ननकट्टी, दनिया, बोरी, लिटिया चौक (नया रुट), दुर्ग से लिटिया व्हाया चिखली नगपुरा, सेवती, हिर्री, हसदा, लिटिया चौक (नया रुट), दुर्ग रेलवे स्टेशन से कोहका, व्हाया स्मृति नगर, पावर हाउस से भिलाई–03 व्हाया हथखोज (नया रुट), रुट पर सिटी बस के फेरे लगाने के लिए मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की घोषणा के साथ ही मंत्री रविन्द्र चौबे सहित विभिन्न संस्था के लोगों ने सांसद ताम्रध्वज साहू एवं जिला कलेक्टर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये थे जिसपर प्रबंधकारिणी के सदस्यों ने प्रस्तावित नये रुट के लिए रुट नोटिफिकेशन हेतु शासन को पत्र लिखे जाने की अनुशंसा की है। प्रियदर्शनीय परिसर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास डिपो/टर्मिनल के शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने के लिए शासन को पत्र लिखे जाने की अनुशंसा की है। दुर्ग भिलाई अरबन पब्लिक ट्रान्सपोर्ट सोसायटी का प्रचलित वित्तीय वर्ष 2018 से 2020 में लेखा परीक्षण हेतु आगामी 3 वर्ष के लिए सोसायटी को चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट के लिए निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष प्रभारी जिलाधीश के0एल0 चौहान, सदस्य आयुक्त नगर निगम भिलाई एस0के0 सुंदरानी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश्वर साहू, आयुक्त भिलाई–03 चरोदा चंदन कुमार शर्मा, मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत परपोड़ी कुराजमणी अनुराधा, मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत देवकर आर0के0 बंजारे, मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत साजा अश्वनी चन्द्राकर नोडल अधिकारी नगर निगम भिलाई डी0के0 वर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी